तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 8 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 25 साल बाद फिर अपने स्कूल पहुंचे पूर्व छात्र, सहपाठियों ...





10 अब तक 20 लाख टन धान की खरीदी किसानों ...




## खबर संक्षेप

### बालोद नगर पालिका अनारक्षित महिला व दल्लीराजहरा ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित

**बालोद।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व नगर पंचायत के अध्यक्षों के आरक्षण की सूची जारी कर दी गई है। नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद के लिए बालोद के लिए अनारक्षित महिला व नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा से अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। वहीं, जिले के 7 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के आरक्षण में नगर पंचायत डौण्डी में अनुसूचित जनजाति महिला, अर्जुन्दा अनारक्षित मुक्त, गुरूर अनारक्षित मुक्त, डौण्डीलोहारा अनारक्षित मुक्त, गुण्डरदेही अनारक्षित मुक्त, नवनिर्मित नगर पंचायत पलारी बालोद अनारक्षित मुक्त किया गया है।

### आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया एवं ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के निर्देशन ने आगामी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद चुनाव के तैयारी के सम्बन्ध आवश्यक बैठक 9 जनवरी को स्थानीय कांग्रेस भवन में दोपहर 12:30 बजे से रखा गया है। कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जो नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव लड़ने के इच्छुक हो वे आवेदन सहित कांग्रेस भवन में उपस्थित होने की कृपा करें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मेघनाथ साहू ने नगर पंचायत के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### डौंडीलोहारा में मड़ई 13 को

**डौंडीलोहारा।** नगर में 13 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। नगर समिति के अध्यक्ष गौकरण सिन्हा ने बताया कि रात्रि में नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त लोक संस्था रंग झरोखा गरियाबंद के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरूर द्वारा तहसील स्तरीय पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 9 जनवरी को पेंशनर भवन गुरूर में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेखापाल ग्राम डोटोपार सीताराम सोनखुटिया होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज तहसील गुरूर सेवाराम तेजस्वी करेंगे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज जीके साहू, सुभाश चौधरी, एलएस साहू, उमेदी राम गंगराले होंगे। कार्यक्रम में सन 2024 में 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के पेशनरों तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली पेंशनरों तथा 2024 के दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा।

## विडंबना : 7 उपस्वास्थ्य केंद्रों के भरोसे हैं 24 गांवों के ग्रामीण

# बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं सरदा पीएचसी सहित उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) दुर्ग डिवीजन द्वारा संचालित जिले के सरदा गाँव का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उससे सम्बद्ध उप स्वास्थ्य केंद्र काफी अरसे से विभिन्न बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। इनमें जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत, नए एवं अतिरिक बिल्डिंग, बाउंड्रीवाल व स्टॉफ क्वार्टर, सोलर सिस्टम सहित अन्य जरूरत की मांग होने के बावजूद सीजीएमएससी विभाग द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बेरला ब्लॉक में स्थित सरदा गाँव में प्राथमिक स्तर की चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के अनुरूप आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र(पीएचसी) की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अधीनस्थ 07 उपस्वास्थ्य केंद्रों में क्षेत्र के 24 गाँवों के ग्रामीणों की हेल्थ व मेडिकल जांच व उपचार सरकारी डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किया जाता है। बता दें कि ग्राम सरदा पीएचसी बेमेतरा-बेरला मुख्य मार्ग पर ही स्थित है। वहीं, इस बिल्डिंग के चारों ओर सुरक्षात्मक नजरिये से बाउंड्रीवाल होना अनिवार्य है, जो फिलहाल नहीं है। वहीं, यहां पदस्थ ग्रामीण चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए अतिरिक्त बिल्डिंग एवं स्टॉफ क्वार्टर की भी जरूरत है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति के लिए 102 वाहन की सुविधा व लैब टेक्नीशियन एवं सोलर पैनल आधारित पॉवर सप्लाई की आवश्यकता है। बहरहाल सीजीएमएससी विभाग द्वारा मरम्मत व नयी बिल्डिंग सहित अन्य जरूरी मांग की तत्काल पूर्ति करने की दरकार है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मेडिकल ऑफिसर पुष्पा जायसवाल ने बताया कि बिल्डिंग व उप स्वास्थ्य केंद्रों में कुछ आधारभूत समस्याएं हैं, जिनकी व्यवस्था के लिए उच्च प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। वहीं, इस सम्बंध में सीजीएमएससी दुर्ग संभाग के कार्यपालन अभियंता विक्रम गाँधी से सम्पर्क नहीं हो पाने पर खबर पर प्रशासनिक पक्ष नहीं मिल पाया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचायत भवन में

बेमेतरा विधानसभा के सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र बेरला ब्लॉक है पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरदा के अंतर्गत भिलौरी, अतरगढ़ी एवं किरितपुर सहित अन्य उपकेंद्रों में वर्तमान समय में भी पँचायत की बिल्डिंग पर ही स्वास्थ्यकर्मियों को कार्य करना पड़ रहा है, जो गम्भीर व चिंतनीय है। जनप्रतिनिधियों ने अब तक इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। बहरहाल खुद का भवन व मानव के उचित उपचार हो सके इसलिए इन स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधाओं की जरूरत के साथ साथ आवश्यकता भी है। इसके अलावा कहीं बिल्डिंग की ही व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है, तो कहीं पर जर्जर है। वहीं, पीएचसी क्षेत्र के कठिया एवं टकसींवा गाँव में भी उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## पूर्व विधायक छाबड़ा ने जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर जताई चिंता

**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है सभी संस्थाओं की व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिला जो वैसे ही भाजपा के पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल में चिकित्सा क्षेत्र में पीछे रहा है, उसे प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने ढांचागत सुधार करने का कार्य किया, जिससे बेमेतरा जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजों की जो संख्या 100 के लगभग रहा करती थी, वह कांग्रेस कार्यकाल में 500-700 से भी अधिक जा चुकी थी। लोगों को बेमेतरा में



जिला चिकित्सालय होने का लाभ मिलने लगा था, किंतु जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है, तब से फिर बेमेतरा जिला चिकित्सालय अपने पुराने दिनों की ओर लौट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला चिकित्सालय में लगातार चिकित्सा एवं स्टाफ की कमी बनी हुई है, जिसे दूर किए जाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। गरीब और असहाय मरीजों के लिए जिला चिकित्सालय में कोई व्यवस्था नहीं है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में प्रसूति सहित अस्थि रोग से संबंधित बड़ी-बड़ी शल्यक्रिया की चिकित्साएं प्रारंभ हो चुकी थीं, जो अब बंद हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का सर्वाधिक नुकसान जिले की गरीब जनता को उठाना पड़ रहा है। पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने इस गंभीर मुद्दे पर जल्द ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करने की बात कही।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सुरक्षा उपायों पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति, एनकॉर्ड (नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑन ड्रग एब्यूज प्रवेशन) और ध्वनि प्रदूषण पर संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के उपायों, नशीली दवाओं की रोकथाम, और ध्वनि प्रदूषण के प्रभावों पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने इन समस्याओं से निपटने के लिए योजनाओं ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : साहू

एसपी रामकृष्ण साहू ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करना और सावधानी बरतना हर चालक की जिम्मेदारी है, जिससे न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी बढ़ती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपायों का पालन करें। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि यदि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, तो दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आ सकती है और सड़कें सुरक्षित बन सकती हैं। उन्होंने यातायात सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस विभाग ▶▶| शेष पेज 11 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


# मरम्मत भवन के लिए मिले 8 लाख, ठेकेदार कर रहा था केवल छत की ढलाई, ग्रामीणों ने रुकवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

- शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देउरगांव का 30 साल पुराना भवन जर्जर

शासन द्वारा गांव में शिक्षा के लिए करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन निश्चित समय पर कार्य नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए सुविधा नहीं मिल पा रही है। हालात यहां तक है कि पढ़ाई करने वाले बच्चों को भवन भी नहीं मिल पा रहा है।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देऊरगांव का भवन सालों से जर्जर है लेकिन भवन के लिए राशि अब तक जारी नहीं की गई है। लिहाजा भवन के अभाव में विद्यालय का समय सुबह किया गया है, जिससे कड़ाके की ठंडी के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देऊरगांव के लिए दो भवन हैं, जो क्रमशः 1993 व 2003 में निर्मित हैं, जिन्हें जर्जर घोषित कर दिया गया है। अब बच्चे दोनों ही भवन में पढ़ाई नहीं कर पाते है, लेकिन शिक्षक जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन में ही बैठते हैं। यहां भवन क्रमांक 01 के लिए 8 लाख रुपए शासन के द्वारा स्वीकृत किया गया था। ठेकेदार द्वारा मरम्मत के नाम पर जर्जर भवन की केवल छत ढलाई ▶▶| शेष पेज 11 पर

### शाला भवन की स्वीकृति का इंतजार

नए स्कूल भवन की स्वीकृति के लिए शासन को अवगत करा दिया गया है। भवन के जर्जर होने की जानकारी मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी दौरा कर चुके हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि नए भवन के राशि स्वीकृत जाएगी। नए भवन के बन जाने से छात्रों को सुविधा मिलेगी। विद्यालय भी अपने नीयत समय पर खुल सकेगा और पढ़ाई सुचारु रूप से हो सकेगी।

### भेज दी गई है जानकारी

पूरे विकासखंड के नए भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन को जानकारी भेज दी गई है। जिले से राज्य में जानकारी भेजी जाती है। राज्य शासन की स्वीकृति के बाद ही देऊरगांव के विद्यालय भवन की स्वीकृति मिलेगी। समय सीमा बता पाना संभव नहीं है।

**बीडी बघेल,** बीआरसी, साजा विकासखंड।




## ग्राम कांपा में पूर्णाहुति से पहले हुआ संत समागम

# 10 दिवसीय श्रीमन महागणेश महायज्ञ की पूर्णाहुति आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम कांपा में चल रहे 10 दिवसीय श्रीमन महागणेश महायज्ञ की 8 जनवरी को पूर्णाहुति होगी। आयोजन समिति के द्वारा पूर्णाहुति की तैयारी पूरी की जा चुकी है। इससे पहले पूरे 10 दिन श्रद्धालुओं ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपने श्रद्धा व भक्ति के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की।

.आयोजन स्थल पर आज पूर्णाहुति के पहले यज्ञ में पधारे साधु संत एवं नागा साधुओं का एक तरह से समागम देखने को मिला। प्रवचनकर्ता स्वामी श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित रूप से हमारी संस्कृति एवं परंपरा में प्रयागराज कुंभ का एक अपना अलग स्थान है, किंतु आज ग्राम कांपा में जो संत समागम देखने को मिल रहा है, वह किसी कुंभ से कम नहीं कहा जा सकता। संत का समागम देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी संतों का अभिवादन करते रहे।

आयोजन के संबंध में संत सियाराम बाबा हिंगोली महाराष्ट्र ने कहा कि निश्चित रूप से यह क्षेत्रवासियों एवं अंचलवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि 10 दिनों तक लोग श्रद्धा व भक्ति में डूबे रहे तथा आने जाने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो यह आयोजन समिति पूरी व्यवस्था में लगी रही। उन्होंने कहा कि संपूर्ण आयोजन किसी व्यक्तिगत का न होकर सार्वजनिक रूप से यह आयोजन किया गया था और सभी लोगों ने अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित की निश्चित रूप से यह प्रेरणादाई है।

## खबर संक्षेप




### भोपाल में छत्तीसगढ़ के 4 बाल वैज्ञानिकों ने लहराया परचम

**रायपुर।** भोपाल मध्यप्रदेश स्थित रविंद्र भवन में 3 से 6 जनवरी तक 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 16 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिसमें से राष्ट्रीय स्तर पर 20 उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। इनमें से छत्तीसगढ़ राज्य से चार उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। बाल वैज्ञानिक भूमिका पद्माकर कोंडागांव (कार्बन फुटप्रिंट ) शिखा देवांगन रायपुर (ग्रैंन प्रोटेक्शन पिल) , प्रतिमा प्रजापति सूरजपुर (मेकिंग हार्ड बोर्ड फ्रॉम मेज ) एवं दिव्य वीर सिंह बिलासपुर ( द गार्जियन स्टिक ) की परियोजनाओं को उत्कृष्ट पाया गया। उनका चयन उत्कृष्ट 20 परियोजनाओं में हुआ है। इस अवसर पर डॉ. जेके राय, राज्य समन्वयक, डॉ. एमके राय राज्य शैक्षिक समन्वयक, जगदीश्वर राव, सुशील कुमार पटेल, डॉ निशा सिंह एवं अपर्णा तिवारी उपस्थित रहे।

### बजट पर सचिव स्तरीय चर्चा अब 14 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-25 का बजट बनाने की प्रक्रिया के बीच विभिन्न स्तरों पर बजट चर्चा का दौर जारी है। इसी बीच सचिव स्तरीय बजट चर्चा के लिए 15 तारीख को जो बैठक रखी गई थी, अब वह 14 जनवरी को होगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी की है।

**इन विभागों की होगी चर्चा**
संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 14 जनवरी को होने वाली सचिव स्तरीय बजट चर्चा में इन विभागों के बजट पर चर्चा की जाएगी। समाज कल्याण विभाग, धार्मिक न्या एवं धर्मस्व विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खनिज साधन एवं जनसंपर्क विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग शामिल हैं। इन विभागों की बजट चर्चा सुबह 11 बजे से शुरु होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। हर विभाग के लिए आधे घंटे का समय रखा गया है।

### सनातन एकता यात्रा 7 को

**रायपुर।** ऐतिहासिक दूधाधारी मठ से हिन्दु राज परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा हर बार की तरह इस साल भी सनातन एकता यात्रा निकाली जाएगी। रैली मोतीबाग से निकलेगी जो सदर बाजार व सिटी कोतवाली होते हुए बुढ़ेश्वर मंदिर जाएगी। मंदिर में ही कार्यक्रम का समापान किया जाएगा। हिन्दु राज परिषद के महामंत्री राजीव त्रिपाठी ने बताया कि इसके बाद मंदिर परिसर में विधी विधान के साथ भगवान की पूजा अर्चना की जाएगी।

### जिला रेडक्रास की समान्य सभा स्थगित

**रायपुर।** मंगलवार को जिला रेडक्रॉस की सामान्य सभा को स्थगित कर दिया है। इसमें समिति के पांच सदस्यों का चयन निर्वाचन के माध्यम से किया जाना था। इसके साथ ही 26 अक्टूबर को आयोजित सामान्य सभा की बैठक की कार्यवाही को भी शून्य किया गया है।

# प्रशासक ने संभाली निगम की कमान, ट्रैफिक समस्या सुधारने दिए निर्देश

## कलेक्टर ने बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जिले के कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को नगर निगम रायपुर में प्रशासक के तौर पर पदभार संभालते ही शहर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के साथ सड़कों की सफाई व्यवस्था पर फोकस किया। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के साथ सड़कों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

निगम में महापौर सहित पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया। शासन ने निगम का चुनाव होने तक यहां प्रशासक बिठा दिया है।

### सड़कों की मरम्मत- सफाई व ट्रैफिक को लेकर दिए निर्देश

प्रशासक के तौर पर कलेक्टर ने बैठक में शहर की सड़कों की मरम्मत, सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कों की मरम्मत, सफाई और ट्रैफिक समस्या दिखाई दें, उन स्थानों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उसे बेहतर बनाकर समस्या का निराकरण करें। उन्होंने घर-घर कचरा कलेक्शन, पब्लिक टॉयलेट, नाली-नालों की सफाई को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए।



### 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों की सूची तैयार करने कहा

कलेक्टर ने बैठक में पेंशन योजना की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों की सूची तैयार करने के साथ उनके समय-सीमा के भीतर फॉर्म भराए जाने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए।

यहां जिला कलेक्टर को प्रशासक के तौर पर बिठाया गया है। कलेक्टर ने प्रशासक का पदभार संभालते ही निगम के अधिकारियों की बैठक ली।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, विनोद पांडे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने राजधानी की सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और नियमित रूप से सफाई कराएं। गार्डन को भी स्वच्छ बनाए रखते हुए वहां लगे ओपन जिम के उपकरणों के रख-रखाव को बेहतर करें, ताकि लोगों को इसका फायदा मिले।

## सात जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या एक लाख से अधिक

**बस्तर संभाग के जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या कम**

# अब तक 20 लाख टन धान की खरीदी किसानों को 22 हजार करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवंबर 2024 से शुरू हुई धान खरीदी के दौरान अब तक राज्यभर में 20 लाख से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। राज्य में इस सीजन में धान बेचने के लिए 27.78 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, यानी अभी तक करीब 7 लाख किसान धान बेचने नहीं आए हैं। इस बीच राज्य के सात जिले ऐसे हैं, जहां धान बेचने वाले किसानों की संख्या एक लाख से अधिक है। वहीं दूसरी ओर बस्तर संभाग के जिलों में जहां धान का उत्पादन कम होता है, वहां पांच जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या हजारों में हैं।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी संभावित है। इस खरीदी के लिए राज्यभर में 2739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के सभी 33 जिलों में 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी जारी है। अब तक धान बेचने वाले किसानों की संख्या 20 लाख तक पहुंची है। धान खरीदी की व्यवस्था में ये प्रावधान है कि किसानों को एक से लेकर तीन टोकन दिए जाते हैं, छोटे किसान एक ही टोकन हासिल कर पूरा धान बेचते हैं, जबकि बड़े किसान दो या तीन बार में धान बेचते हैं।

### मैदानी इलाकों के जिलों में जमकर धान खरीदी



### इन जिलों में धान बेचने वाले एक लाख से ज्यादा

राज्य के मैदानी इलाकों में इस सीजन में धान का बंपर उत्पादन हुआ है। लिहाजा इन मैदानी इलाकों के जिलों में धान की आवक भी काफी हो रही है। राज्य के सात जिले ऐसे हैं, जहां अब तक एक लाख से अधिक किसान धान बेच चुके हैं। इन जिलों में बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद और रायपुर शामिल है।

### किसानों को 22 हजार करोड़ का भुगतान

अब तक लगभग 102 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 20 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 22 हजार 864 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। अब तक कुल धान खरीदी का 78 प्रतिशत धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, इसके एवज में 46.47 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

### इन जिलों में धान बेचने वाले 11 हजार से अधिक नहीं

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले में अभी बस्तर संभाग के जिले पिछड़े हुए हैं। इसके पीछे दो वजहें महत्वपूर्ण हैं। पहली यह कि बस्तर संभाग के जिलों में धान का उत्पादन मैदानी इलाकों के मुकाबले कम होता है। दूसरी वजह, मैदानी इलाकों के मुकाबले बस्तर संभाग में धान की कटाई देर से होने के कारण किसानों का धान बिक्री के लिए आने में विलंब हुआ है। राज्य के जिन जिलों में सबसे कम किसानों ने अब तक धान बेचा है, उनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। इन जिलों में से किसी भी जिले में 11 हजार से अधिक किसानों ने धान नहीं बेचा है। राज्य में 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है।

## स्वदेश दर्शन योजना के तहत दो सौ करोड़ की योजनाओं का दिया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर राज्य में पर्यटन विकास की दो बड़ी योजनाओं के प्रस्ताव सौंपे। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर, चंपारण्य के सौंदर्यीकरण और भोरमदेव कॉरिडोर जिला कबीरधाम की परियोजनाओं के लगभग 200 करोड़ रुपये के प्रस्ताव भारत सरकार को सौंपे गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ पर्यटन को एक नई पहचान और दिशा मिलेगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इन योजनाओं की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को इनके क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य उपस्थित थे।



### महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर

प्रस्ताव में महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर, चंपारण्य में परिसर का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार, तालाब ब्यूटीफिकेशन, पार्किंग एरिया, महाप्रभु वल्लभाचार्य की भव्य प्रतिमा, म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर, भागवत कथा एवं प्रवचन हॉल, बच्चों के लिए गार्डन, कैफेटेरिया, सड़क निर्माण, लैंडस्कैपिंग, सोवेनियर शॉप, पेयजल और पब्लिक टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है।

### भोरमदेव मंदिर परिसर का विकास

भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर परिसर का विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यटक सूचना केंद्र, शिव प्लाजा, झील और सरोदा डैम का सौंदर्यीकरण, बच्चों के लिए पार्क, गेस्ट हाउस, लाइब्रेरी, म्यूजियम, भंडारा भवन, मेला ग्राउंड, प्रवेश द्वार और पार्किंग का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त छेरकी महल, मड़वा महल और रामचूआ मंदिर का सौंदर्यीकरण तथा जल क्रीड़ा के लिए घाट निर्माण का भी प्रस्ताव है।

**संजय श्रीवास्तव बोले**

## कांग्रेस ने मरने के बाद भी किया है पत्रकार चंद्राकर का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस ने पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार का जीवित रहते और मृत्यु के बाद भी बहिष्कार किया है। 29 अप्रैल, 2024 को कांग्रेस द्वारा बाकायदा जिला कांग्रेस कमेटी जिला बीजापुर के लेटरपैड में पत्र निकाल कर दिवंगत पत्रकार पर झूठे आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से उन्हें अपमानित कर उनका बहिष्कार करने का ऐलान किया था।



श्री श्रीवास्तव ने सोमवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, 4 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी जगदलपुर में थे। उसके बावजूद ये दोनों नेता स्व. मुकेश चंद्रकार की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हुए, न ही कांग्रेस का कोई बड़ा नेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। श्री श्रीवास्तव ने कहा, इससे भी अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि एक तरफ बस्तर गमगीन था, दूसरी ओर कांग्रेस जश्न मना रही थी। बस्तर में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज खुद को लड्डुओं से तुलवा रहे थे, आतिशबाजी करवा रहे थे, ढोल-नगाड़े बजवा रहे थे, खुद पर फूलों की बारिश करवा रहे थे, नारेबाजी हो रही थी। कांग्रेस में मानो कांग्रेस नेता द्वारा कांग्रेस द्वारा बहिष्कृत पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार की हत्या के बाद जश्न का माहौल नजर आ रहा था।

## विशेष पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 1 जनवरी की अर्हता तिथि में सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन की फोटोरहित मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आम नागरिक मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची डाउनलोड कर इसका अवलोकन कर सकते हैं।

### संशोधन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या दो करोड़ 11 लाख पांच हजार 391 हो गई है। इनमें एक करोड़ चार लाख 27 हजार 842 पुरुष मतदाता, एक करोड़ छह लाख 76 हजार 821 महिला मतदाता और 728 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। राज्य में निर्वाचकों का लिंगानुपात 1024 है। उन्होंने बताया कि 18-19 आयु वर्ग समूह में चार लाख 52 हजार 134 मतदाता पंजीकृत हैं। राज्य के 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 24 हजार 371 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप या वेबसाइट के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन एवं स्थानातंरण के लिए घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो और सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रुपेश वर्मा भी राजनीतिक दलों के साथ बैठक में मौजूद थे।

## कांग्रेस नेताओं की घर वापसी को लेकर समिति की कुछ नामों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




- जोगी परिवार और बृहस्पत के नामों पर नहीं बनी सहमति
- पूर्व विधायक नाग, नंद, कुकरेजा के नामों पर सहमति

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को कांग्रेस में वापसी के लिए आए नेताओं के आवेदनों पर समिति ने विचार शुरू कर दिया है। दिल्ली में इसे लेकर दो बैठकें हो चुकी हैं। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने समिति के सदस्यों के साथ नामों पर विचार करने के बाद कुछ नामों पर सहमति जताई है। वहीं समिति ने जोगी कांग्रेस के प्रस्ताव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के नामों पर अभी सहमति नहीं दी है।

समिति की पहली बैठक दिल्ली में दिसंबर के अंत में हुई थी, इसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी आवेदनों को प्रदेश प्रभारी को सौंप दिया था। दिल्ली में सोमवार को इसे लेकर एक बैठक हुई। बैठक में धनेंद्र साहू सहित समिति के कुछ सदस्य पहुंचे थे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इस बैठक में वर्चुअली जुड़े थे।

### रायपुर में होगी अहम बैठक

बताया गया है कि कांग्रेस में वापसी के लिए बनी सात सदस्यीय कमेटी की एक बैठक जल्द ही कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में होगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में इन नामों पर फिर एक बार विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। समिति उन नामों को एआईसीसी के अनुसंशा के लिए भेजे जाने के बाद पार्टी में वापसी की घोषणा करेगी। बताया जाता है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में यह बैठक हो सकती है।

दूसरी बैठक के बाद समिति ने पूर्व विधायक अनूप नाग, किस्मतलाल नंद, कांति नाग, अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा के नामों पर वापसी के लिए सहमति जताई है। वहीं जोगी कांग्रेस सुप्रीमों डॉ. रेणु जोगी की पार्टी के विलय और बृहस्पत सिंह की पार्टी में वापसी के मामले में समिति में सहमति नहीं बन पाई है। कुछ अन्य नामों पर भी विचार किया गया है। बताया जाता है कि समिति अपनी अनुसंशा के बाद एआईसीसी को प्रस्ताव के बाद पार्टी में वापसी की घोषणा करेगी।

## चुनाव में 178 को रहेगा प्रस्तावक, समर्थक बनने और मतदान करने का अधिकार

# 15 से पहले होगा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिलाध्यक्षों का चुनाव होने के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। 15 जनवरी से पहले कभी भी दिल्ली से तारीख मिलने के बाद यहां पर प्रदेश के चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े आएंगे और चुनाव करवाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव अगर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे तो नया अध्यक्ष मिलेगा, अन्यथा फिर से उनको ही अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश के 178 को मतदान करने का अधिकार रहेगा। इनमें से ही प्रस्तावक और समर्थक भी बनेंगे। देशभर में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। इस समय देश के सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो गया है। 36 में से 34 जिलाध्यक्ष घोषित हो गए हैं। दो जिलों का चुनाव बाद में होगा। इसका चुनाव भी प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के पहले होने की संभावना है।




### किनको मिलेगा मतदान का अधिकार

प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव में मतदान के साथ प्रस्तावक, समर्थक बनने का अधिकार प्रदेश के 135 प्रदेश प्रतिनिधियों के साथ 36 जिलाध्यक्षों, 6 विधायकों और एक सांसद को रहेगा। प्रदेश प्रतिनिधियों का चुनाव विधानसभा के हिसाब से होता है। 90 विधानसभाओं के जहां 90 प्रदेश प्रतिनिधि रहते हैं, वहीं 90 विधानसभाओं को 45 कलस्टरों में बांटकर 45 प्रतिनिधि और बनाए जाते हैं। इनकी संख्या 135 होती है। अभी 34 जिलों का चुनाव हुआ है तो दो जिलों की 6 विधानसभाओं को छोड़कर 84 प्रदेश प्रतिनिधि बन गए हैं। इसी के साथ कलस्टरों के भी प्रतिनिधि बनाए गए हैं। इसी के साथ 34 जिलाध्यक्ष इस समय मतदान के अधिकारी बन गए हैं। इसी के साथ प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं तो इसका दस फीसदी यानी छह विधायक भी मतदान के अधिकारी होंगे। एक सांसद को भी यह अधिकार मिलेगा।

### प्रदेशाध्यक्ष के ये हैं दावेदार

भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। वर्तमान अध्यक्ष किरण देव को साय मंत्रिमंडल में शामिल करने की लगातार चर्चा चल रही है। उनको मंत्रिमंडल में लिया गया तो उनके स्थान पर नया अध्यक्ष बनाया जाएगा। ऐसे में जिन दावेदारों के नाम चल रहे हैं, उनमें सबसे पहला नाम पहले भी अध्यक्ष रह चुके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का नाम है। इसी के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल, विधायक और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी, दुर्ग के सांसद विजय बघेल और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का नाम है। नया अध्यक्ष कौन होगा इसका फैसला राष्ट्रीय संगठन करेगा। राष्ट्रीय संगठन से नाम तय होने के बाद दिल्ली से नाम आएगा तो नामांकन करवा के विधिवत पूरी प्रक्रिया के साथ नए अध्यक्ष का ऐलान किया जाएगा।

**चुनाव की उल्टी गिनती शुरू**

# साव ने कहा- निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का दावा है कि सरकार चुनाव करवाने के लिए तैयार है, जल्द ही निर्वाचन आयोग चुनाव तारीख की घोषणा करेगा।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कानून में प्रावधान है कि जो निर्वाचित बॉडी है, वह 5 साल ही काम करेगी। अब उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है, तो स्वाभाविक रूप से जो निकाय की एक्टिविटी है वह प्रभावित न हो, उसके लिए प्रशासक की नियुक्ति की गई है। जैसे ही चुनाव होंगे, नई निर्वाचित इकाई अपना कार्य संचालित करेगी।

### आरक्षण पूरा होने के बाद तिथि

वहीं नगर निगम चुनाव में हो रही देर के सवाल पर अरुण साव ने कहा, सरकार चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक अंतिम कार्यवाही हमारी बची हुई है। महापौर और अध्यक्ष के आरक्षण 7 जनवरी को होने हैं। जैसे ही आरक्षण होगा, इसकी सूची हम चुनाव आयोग को भेजेंगे। फिर चुनाव आयोग चुनाव की तिथि घोषित कर देगा।



### निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी

इधर चुनाव के संबंध में निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी हो गई है। 15 जनवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद तारीखों का एलान हो सकता है। निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में निर्वाचन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है। मतदान प्रक्रिया का प्रबंधन, मतदाताओं के लिए सहायक सेवाओं की जानकारी, पोलिंग बूथ की व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने मतपेटियों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था, चुनाव के बाद की प्रक्रियाएं, मतगणना केंद्र पर सामग्री की सुरक्षित डिलीवरी, ऑनलाइन पोर्टल्स या एप्लिकेशन का उपयोग करने, चुनाव निगरानी के लिए डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल करने, जनजागरूकता अभियान, सहित अन्य विषयों की पूरी जानकारी दी गई है।

### जिला कलेक्टर और एसपी की बैठक

चुनाव के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने और मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व जिलों के एसपी और कलेक्टर की बैठक लेकर जिलों में तैयारियों और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेगा। सभी जिलों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने दिशा निर्देश जारी करेंगे।

**खबर संक्षेप**



## शौण्डिक समाज का सम्मेलन 11 से, सीएम को किया आमंत्रित

**रायपुर।** अखिल भारतीय शौण्डिक संघ की ओर से विधानसभा रोड स्थित रिसॉर्ट में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक समाज का भव्य सम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिशस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. रामअवतार महतो करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में क्षेत्र संघचालक आरएसएस डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना और मंत्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। शाम 3.30 बजे के सत्र में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और अतिविशिष्ट अतिथि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यक्रम में भाग लेंगे। कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता आदि ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था।

## भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली



**रायपुर।** कुशालपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर से रविवार शाम भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसे बस्तर राजपरिवार के कमलचंद्र भंजदेव ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। मंदिर के संस्थापक रजत ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव के वर्षों की पूर्णता एवं हिंदुत्व शक्ति जागरण के उद्देश्य से निकाली गई। शोभायात्रा में रामायण के केंवट प्रसंग की जीवंत झांकी ने मन मोह लिया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बृहन्महाराष्ट्र मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन 10 से

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 10 जनवरी से होने वाले बृहन्महाराष्ट्र मंडल के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस अधिवेशन में देशभर के 50 से अधिक महाराष्ट्र मंडलों के लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन समारोह के विशेष अतिथि विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा होंगे। इनके अलावा विशेष अतिथि आरएसएस के क्षेत्रीय संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है।

**:: ईश्तहार/आम सूचना ::**

वाके मौजा फरी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित कृषिभूमि ख.नं. 450/5 रकबा 0.14हे. के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार (क्रेता) राहुल सलुजा पिता हरभजन सिंह सलुजा निवासी पंजाबी पारा बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने विक्रेता उमेन्द्र बांधे पिता तितरा बांधे निवासी ग्राम फरी तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा फरी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित कृषिभूमि ख.नं. 450/5 रकबा 0.14हे. भूमि है, जिसको क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर ब्याना राशि अदा कर इकरारनामा निष्पादित कर लिया गया है, जिसका बैनामा का निष्पादन व पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त दर्शित कृषिभूमि के संदर्भ में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम निकाय, साहूकार बैंक, वित्त प्रदान करने वाली संस्था, प्राधिकरण शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय निजी संस्था, मंडल को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हो, तो वह अपनी आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजों के साथ मेरे निम्नलिखित पते पर कार्यालयीन अवधि में इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियां एवं दावे शुन्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

स्थानः बेमेतरा
दिनांक 07.01.2025

केशव नामदेव
अधिवक्ता
जिला अधिवक्ता संघ, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
मोबा. नं. -9425561348

# धान के बजाय गेहूं, चना और मक्के की ओर किसानों की बढ़ रही रूचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में लगातार घटते जल स्तर को लेकर किसान भी चिंतित हो गए है। हालात यह है कि, इस बार धान के बजाय किसानों ने मक्का, गेंहू, चना और सरसों की अधिक रकबे में खेती कर रहे हैं। जिले में सरसों सहित दलहन के रकबे में न सिर्फ बढोत्तरी बल्कि विभाग के टारगेट से अधिक किसानों ने रबि की बोआई कर ली है।

उल्लेखनीय है कि, जिले में लगातार जलस्तर में कमी आ रही हैं। जलस्तर में कमी के चलते लगातार रबि सीजन में बोए जाने वाले धान के रकबे में कमी आ रही है। वर्ष 2024-25 की बात करे तो कृषि विभाग को अब तक मैदानी स्तर से सिर्फ 19 फीसदी बोआई की ही जानकारी मिली है। हालांकि कृषि विभाग के अफसरों का दावा है कि, इस बार किसान धान से ज्यादा रकबे पर मक्का, गेंहू, सरसो और चने की खेती कर रहे हैं। वही किसानों से बात करने पर पता चला कि, अभी धान की बोआई के लिए नर्सरी तैयार की गई है। रबि में किसान फरवरी माह तक इसकी बोआई करते है। खैर विभाग किसानों को दलहन व तिलहन के लिए ज्यादा प्रेरित कर रहा है।

### कृषि विभाग का दावा, इस रबि में धान के रकबे में आई कमी

#### जिले में रबि सीजन के लिए टारगेट और पूर्ति

जानकारी अनुसार गेंहू के लिए 13.894 हेक्टेयर पिछले साल था, उसे इस बार 140126 हेक्टेयर किया गया, जिसमें 92 फीसदी पूर्ति यानि बोआई हो चुकी है। वहीं मक्का पिछले साल 0.523 हेक्टेयर में था, इस बार 0.524 हेक्टेयर में पूर्ति 52 फीसदी, धान 8.102 हेक्टेयर था, इस बार टारगेट ही 7.500 हेक्टेयर रखा गया है। विभाग के आंकडे की माने तो पूर्ति 19 फीसदी हुई हैं। चना 11.605 हेक्टेयर के टारगेट पर पूर्ति सौ फीसदी और राई सरसो का टारगेट इस बार 3.491 हेक्टेयर है, पूर्ति 114 फीसदी हो गई हैं। इसी तरह रागी 35 फीसदी बोई गई हैं, वहीं तिवडा 130 फीसदी, मटर 25 फीसदी, उडद 42 फीसदी, मसूर 160 फीसदी तक बोई गई है। इस तरह दलहन और तिलहन में किसान ज्यादा रूचि ले रहे हैं।



#### गर्मी में ज़िले में भू-जल स्तर तेज़ी से गिर रहा

धान के रकबे में कमी इसलिए भी जरूरी है। क्योकि इस उपज में बेहद पानी की जरूरत होती है। किसानों ने बताया कि पौधे को हमेशा तीन इंच पानी में रखना होता हैं। जबकि एक एकड धान के जगह तीन एकड मक्का उतने की पानी में बोया जा सकता हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में भू-जल स्तर 20.33 मीटर दर्ज किया गया हैं। जिससे संसेटिव माना जाता हैं। जलस्तर में सबसे कमजोर धमधा ब्लाक और पाटन में अधिक हैं। एक औसत एकडे के अनुसार दुर्ग-भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र में जलस्तर 300 से 350 फ्रीट तक नीचे गिर चुका है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परपोड़ी में मनाया सहपाठी मित्र स्नेह समारोह

# 25 साल बाद फिर अपने स्कूल पहुंचे पूर्व छात्र सहपाठियों को देख खिल चेहरे, नाच उठा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्रों ने रविवार को रजत जयंती मनाई। विद्यालय में 25 वर्ष बाद सहपाठी एक साथ एकमंच पर मिले। इस दौरान एक-दूसरे से मिलकर भावुक हो गए। परपोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल के इस बैच के विद्यार्थियों ने परस्पर परिवारिक सदस्यों की भाँति एकजुट होकर छात्र सम्मेलन का आयोजन किया। लगभग 4 माह के प्रयास के बाद सहपाठी मित्र स्नेह समारोह 2025 का 5 जनवरी को आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला परिवार से जुड़े दिवंगत सहपाठियों, गुरुजनों, शाला विकास समिति के सदस्यों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। फिर रोचक तरीके से आपस में चुहल बाजी करते हुए हास्य विनोद के साथ मंच से स्वयं का परिचय दिया। कुछ सहपाठियों ने गीत, कविता, व्यंग्य, भाषण प्रस्तुत किए और नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने स्कूल के लिए उपहार भेंट किए। सभी सहपाठियों को प्रतीक चिह्न और उपहार भेंट कर आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे कार्यक्रम का मीडिया कवरेज इसी छात्र समूह के साथी हिमांचल शर्मा ने किया।



#### विभिन्न माध्यमों से की पुराने साथियों की तलाश

कार्यक्रम की पहल परपोड़ी निवासी मिडिल स्कूल मासुलगोन्दी, विखं साजा जिला बेमेतरा के शिक्षक तारण दास मानिकपुरी ने किया, जो शिक्षक संगठन के जिला प्रवक्ता भी हैं। उन्होंने बताया कि अपने 1997-1998 बैच के साथ-साथ अब तक इस बैच के साथ किसी न किसी कक्षा तक इस स्कूल में सहपाठी रहे लगभग 150 साथियों में से लगभग 80 प्रतिशत लोग विभिन्न कारणों से अपने पूर्व पते से दूर दूसरी जगह रहते हैं। पहले उन्हें तलाशना शुरू किया। सोशल मीडिया के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप में ऐड करते हुए परस्पर जुड़ते चले गए। फिर सबसे इस तरह के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। उसके बाद परपोड़ी में सहपाठी मित्रों ने बैठक कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की। उसके बाद तन मन धन से स्वेच्छा से स्वस्फूर्त सारी व्यवस्थाएँ हो गईं। श्री मानिकपुरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 25 वर्षों के लंबे अंतराल में केवल मेल मिलाप ही नहीं था, बल्कि शिक्षा अध्ययन के बाद अपने व्यवहारिक जीवन में किए गए अनुप्रयोगों पर विचार विश्लेषण करना, अनुभवों को साझा करना, परस्पर प्रगाढ़ मैत्री और सामाजिक बंधुता जैसे मूल्यों को स्थापित करना भी रहा है।

#### विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहें हैं बैच के पूर्व छात्र

श्री मानिकपुरी ने बताया कि हमारे बैच को गोल्डन बैच है। इस समूह में लगभग 20 शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस, सेना, रेलवे इंस्पेक्टर, क्लर्क, कंपनी मैनेजर, विद्युत लाइनमैन आपरेटर, डॉक्टर, सचिव आदि विभिन्न पदों पर 20, राजनीतिक जन प्रतिनिधि 10, छोटे बड़े व्यवसायी 30 तथा शेष लघु बड़े उन्नत कृषक तथा मजदूर, वाहन चालक-परिचालक, टेलर, मीडिया रिपोर्टर गृहणी आदि हैं। इसी समूह से लगभग 15 लोग अपने समाज के विभिन्न स्तरों ब्लॉक, जिला, प्रदेश में सामाजिक पदाधिकारी भी हैं। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से आनंद जैन, एडवोकेट अजय गोस्वामी, पार्षद राजकुमार मिर्झा, रामाधार वर्मा, डॉ खेमन्त साहू, हुलास साहू, मिश्री लाल जैन, धर्मेंद्र जैन, राजेश देवांगन, बेदराम वर्मा, ईश्वर गोस्वामी, बंशी साहू, छत्रपाल साहू, तुका राम खांडे, रोहित ठाकुर, प्रदीप यद्ु, विष्णु वर्मा, हितेश तिवारी, आशीष मडके, केशव प्रजापति, जयकरण जंघेल, होरी जंघेल, सोनसाय यादव, सरोज यद्ु, सुनीता त्रिपाठी, सुनीता साहू, रश्मि जैन, राखी चौहान,मंजु साहू, नीतू सोनी, मंदाकिनी ठाकुर, धनेश्वरी गुप्ता, मीना वैष्णव, मंजूषा सेन, संगीता भुवाल, रजनी निषाद, टिकेश्वरी तिवारी, सुलोचना तिवारी सहित अनेक बैच मेट शामिल हुए।

# शेयर में निवेश का झांसा देकर पौन करोड़ की ठगी, राजस्थान के पांच जालसाज गिरफ्तार

जालसाजों ने स्क्रैप कारोबारी को बनाया था ठगी का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्क्रैप कारोबारी से शेयर बाजार तथा इक्विटी पर निवेश कराने का झांसा देकर 77 लाख की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान के पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने कारोबारी से किस्तों में रकम आहरण कर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों के खिलाफ कारोबारी ने वर्ष 2023 में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

कारोबारी अतुल बंसल की शिकायत पर पुलिस ने अजमेर तथा जयपुर के रहने वाले सुरेश गुर्जर, अभिषेक जैन, ओमप्रकाश सेन, सांवरलाल बृजेश कुमार पटेल को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन साइबर ठगों को उनके अकाउंट नंबर तथा मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। अतुल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पहचान टेलीग्राम एप के माध्यम से सम्यक जैन से हुई। सम्यक ने उसे शेयर मार्केट और इक्विटी पर निवेश करने पर भारी मुनाफा होने का झांसा दिया।

#### दोस्त से उधार लेकर पैसे दिए

कारोबारी के अनुसार जालसाजों के फर्जी एप्लिकेशन के माध्यम से रकम निवेश करने पर उसे शुरुआत में लाभ भी मिला। लाभ मिलने पर अतुल ने अपनी जमा पूंजी 73 लाख रुपए जालसाजों के अकाउंट में धीरे-धीरे कर ट्रांसफर कर दी। पैसे कम पड़ने पर अतुल ने अपने दोस्त दीपक से साढ़े चार लाख रुपए उधार लेकर जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर करा दिया। बाद में पैसा मांगने पर जालसाज सम्यक ने कारोबारी को नुकसान होने का झांसा देकर उनका फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर कारोबारी को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ।

# किसानों को एकमुश्त भुगतान नहीं मंत्री को दिखाएंगे काला झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण ने किसानों को धान का एकमुस्त 31 सौ प्रति क्विंटल किसाब से भुगतान करने मांग की है। इस संबंध में युकांईयों ने कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने 10 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को काला झंडा दिखाकर युवा कांग्रेस द्वारा विरोध करने का निर्णय लिए जाने की बात कही है।



युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जयंत देशमुख के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने वाले युकांईयों का कहना है कि, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के विष्णु देव साय मुख्यमंत्री हैं। चुनावी घोषणा पत्र 2023 में भाजपा ने छत्तीसगढ़ के किसानों को धान के फसल का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल एक मुफ्त भुगतान करने का वादा किया था। इस वर्ष 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी चालू हो गया, किंतु आज तक किसी भी किसान को 3100 रुपए एक मुफ्त भुगतान नहीं मिला है। श्री देशमुख ने कहा कि, 9 जनवरी गुरुवार तक किसानों के खाते में अंतर की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। उस स्थिति में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम नगपुरा में होने वाली 10 जनवरी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के नेतृत्व में हजारों किसानों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखाकर विरोध किया जाएगा। इस दौरान धर्मेश देशमुख, फिरोज ख़ान, अमृत सिंह राजपूत, ललिता साहू, कमल नारायण आकाश सेन, हेमंत साहू, विक्रांत ताम्रकार, अमृत सिंह राजपूत, ईशु साहू, राकेश निषाद, मनीष निषाद सहित बड़ी संख्या में युकां कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेज 9 के शेष

#### सड़क दुर्घटनाओं में ...

और रणनीतियों पर विचार किया और क्षेत्रीय स्तर पर इन मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की योजना बनाई। कलेक्टर और एसपी ने वाहन दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया और इस संबंध में जनजागरूकता फैलाने की बात की। उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से लोगों को हेलमेट के महत्व और उसके उपयोग से दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों से बचाव के बारे में जागरूक करने की योजना बनाई। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हेलमेट पहनने से न केवल सुरक्षा बढ़ती है, बल्कि यह सड़क नियमों के पालन में भी मदद करता है।

बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमें दुर्घटनाओं को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल थे। बैठक मे स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई। साथ ही जिले की सड़कों पर खंभों में लगी खराब लाइटों को तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया, ताकि रात के समय में सड़क पर पर्याप्त रोशनी हो और दुर्घटनाओं का खतरा कम किया जा सके। नियमित रूप से लाइटों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइटें हर समय ठीक से काम कर रही हों, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

#### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन ...

सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एसपी ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क पर अनुशासन बना रहे और दुर्घटनाओं में कमी आ सके। एसपी ने इस बात पर भी जोर दिया कि नागरिकों को पुलिस के साथ मिलकर सहयोग करना चाहिए और ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सभी के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डीएसपी झा, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### मरम्मत भवन के लिए ...

की जा रही थी, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामवासियों का कहना था कि भवन जर्जर है, 30 साल पुराने जर्जर भवन की केवल छत की ढलाई करके उपयोग के लायक नहीं बनाया जा सकता है। बच्चों को खतरा है। इसलिए कार्य बंद कर दिया गया है। भवनविहीन होने के कारण हायर सेकेंडरी विद्यालय देऊरगांव के भवन का उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण विद्यालय सुबह खोला जाता है। सत्र 2024-25 में शाला में दर्ज संख्या 100 है। पांच गांव देऊरगांव, सोनपूरी, सोनपांडर, बरगांव, गाढ़ाभाठा के बच्चे पढ़ने आते हैं। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या 04 है।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# सप्ताह में 2 दिन कार्यालय में बैठेंगे अधिकारी कर्मचारी, ड्यूटी पर 10 बजे से पहले पहुंचना होगा

**रायपुर।** जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित कर्मचारियों को अब सप्ताह में दो दिन सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालय में बैठना अनिवार्य होगा। वहीं सभी को ड्यूटी टाइम के अनुसार सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होगा। इस निर्देश का पालन नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कलेक्टर की गाज गिर सकती है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सभी कार्यालयों के अधिकारियों को ड्यूटी टाइम के अनुसार सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को भी समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देश दें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सप्ताह में 2 दिन सोमवार एवं गुरुवार को अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहें। इसके अलावा कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यालय पहुंचते ही निर्धारित समय में ग्रुप में उपस्थिति का फोटो व मैसेज भेजने के भी निर्देश दिए हैं।



#### पटवारियों के कामकाज की भी होगी समीक्षा

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा के लिए भी दिन और समय निर्धारित किया है। इसके तहत हर महीने पटवारियों के कामकाज की भी समीक्षा होगी। यह समीक्षा महीने के अंतिम सप्ताह के गुरुवार को शाम 4.30 बजे बैठक आयोजित कर ली जाएगी। उन्होंने इसके लिए अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी को फार्मेट तैयार करने निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार महीने के अंतिम सप्ताह में कृषि विभाग की बुधवार, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार, पंचायत विभाग की शुक्रवार शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों की बैठक शनिवार को होगी।

# एमआईसी की बैठक की अवहेलना पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा के नेतृत्व मे एमआईसी सदस्यों ने आज शाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मेयर-इन-काउंसिल की बैठक का आयुक्त के द्वारा अवहेलना एवं कार्यालय में उपस्थित होने के बावजूद महापौर परिषद की बैठक में कोई भी सक्षम अधिकारी के नहीं आने की शिकायत करते हुए कलेक्टर से मामले में कार्रवाई किए जाने मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में महापौर श्रीमती सिन्हा ने कहा है कि, नगर पालिक निगम रिसाली में उनके निर्देशानुसार महापौर परिषद् की बैठक छ.ग. न. पा. (प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल के कामकाज..... कर्तव्य) नियम, 1998 के नियम-15(3), (4) एवं (5) में उल्लेखित प्रावधानों के परिपालन में निगम मुख्य कार्यालय, स्थित महापौर कक्ष में 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे आहुत की गई थी।

#### कार्यादेश पर उठाए सवाल

स्वस्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम व अन्य सदस्यों ने साफ-सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जितनी राशि का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया था। उससे 60 प्रतिशत से भी अधिक की वित्तीय स्वीकृति तथा बजट आबंटन प्रदान करने एवं संविदा निष्पादन कर कार्यादेश जारी करने की अनुमति के लिए प्रकरण महापौर परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की बात कहते हुए इस पर भी सवाल उठाया। इस दौरान एमआईसी सदस्य जहीर अब्बास, सीमा साहू, ममता यादव,रोहित धनकर, अनिल देशमुख, परमेश्वर दास, चंद्रप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जा, निगम ने चलाया बुलडोजर



**दुर्ग।** नगर पालिक निगमए कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन पर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 50 रेल्वे कासिंग के पास बोरसी भाठा पवन चंद्राकर द्वारा स्वामित्व क्षेत्र से अधिक आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य किया गया है, जिससे आंगनबाड़ी निर्माण कार्य एवं आंगनबाड़ी की भूमि प्रभावित हो रही है। उक्त निर्माण को स्वयं से हटाये जाने अनावेदकों को इस कार्यालय का नोटिस प्रेषित किया गया, जिसके तहत अनावेदक द्वारा आज दिनांक उक्त निर्माण को नहीं हटाया गया है। निगम टीम अतिक्रमण स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर अतिक्रमण पाया गया। आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण, नगर निगम ने कार्रवाही कर बुलडोजर चलाकर बाउंड्रीवाल निर्माण को तोड़कर हटाया गया।



खबर संक्षेप



## भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन को दिया पलारी मानस महाकुंभ का आमंत्रण


**गुरूर।** ग्राम पलारी मानस महाकुंभ के आयोजन के लिए नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को आमंत्रण पत्र समिति द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान समिति के कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, सदस्य नंदकुमार साहू, हेमलाल साहू, रोहित कुमार, जगत राम, झालेन्द्र कुमार व सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय बालोद में भेंट मुलाकात की।

## डेगरापार में हुआ एक दिवसीय रामायण सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** ग्राम डेगरापार में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जसवंत सिन्हा शामिल हुए। जसवंत सिन्हा ने कहा कि प्रभु श्री राम जी की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है, साथ ही सभी इकट्ठा होकर कथा सुन पुण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में भक्तिमय माहौल रहता है तथा ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा बना रहता है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के निवास स्थान सुरेगांव पहुंचकर भेंट की। इस अवसर पर पार्षद व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद, पार्षद व मंडल उपाध्यक्ष हरिश निषाद, बुथ अध्यक्ष डिलेन्द निषाद, बल्ला निषाद, बोधी राम निषाद, हेमलाल निषाद, दानू राम देशमुख उपस्थित थे।

## ग्राम कनेरी में मंदिर निर्माण के लिए राकेश ने दिए एक लाख

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में ग्राम पंचायत में मूर्ति अनावरण समारोह एवं सरस्वती शिशु मंदिर के



वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश यादव ने मां कंकालीन मैया मंदिर परिसर में बनने वाली 25 फीट ऊंची शिव प्रतिमा के निर्माण के लिए अपनी माताजी एवं पिताजी की स्मृति में उपरोक्त मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की। श्री यादव की घोषणा पर अध्यक्ष कंकाली मंदिर समिति जनार्दन सिंह, जानू राम साहू, रेखरामम पटेल, सरपंच दिनेश्वरी, पन्नालाल सिंह, अश्विन साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

## बोरिदकला में मानसगान सम्मेलन 10 से

**गुरूर।** नव जागरण युवा शक्ति समिति बोरिदकला द्वारा तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे होगा।

### सियासत : जिले की एकमात्र नगर पालिका बेमेतरा ओबीसी मुक्त हुई आरक्षित

# इस बार ओबीसी वर्ग के हाथों में रहेगी जिला मुख्यालय की नगर सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

7 जनवरी को राजधानी रायपुर में पूरे प्रदेश की नगर पालिकाओं के अध्यक्ष के आरक्षण प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान जिले की एकमात्र नगर पालिका बेमेतरा इस बार ओबीसी मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। ओबीसी मुक्त होने की वजह से पुरुषों के साथ-साथ इन वर्ग की महिलाएं भी चुनावी रण में उतर सकती हैं।

- भाजपा व कांग्रेस के ओबीसी नेताओं के चेहरे खिले

ओबीसी मुक्त आरक्षित होने की खबर लगते ही भाजपा व कांग्रेस के ओबीसी नेताओं के चेहरे खिल उठे, वहीं दोनों दलों के सामान्य वर्ग के नेताओं में मायूसी झलक रही थी। इसके साथ ही नगर पालिका के अध्यक्ष के दावेदारों को बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। आरक्षण की प्रक्रिया होते ही दोनों दलों के दावेदार अपनी अपनी टिकिट पक्की करने गुणा भाग में जुट गए।



### दोनों दलों के दावेदारों की सूची लंबी

बहरहाल आरक्षण की प्रक्रिया के बाद दावेदारों की फ़ेहरिश्त भी दोनों दलों में लंबी चौड़ी उभर कर आ रही है। इसमें भाजपा में दावेदारों की लिस्ट ज्यादा ही लंबी दिखाई दे रही है। ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित जानकारी मंगलवार दोपहर मिलते ही जो पार्षद की दावेदारी करते हुए दिखाई दे रहे थे, वे अब सीधे नगर पालिका अध्यक्ष के दावेदारी करने लग गए हैं। जिला मुख्यालय में भाजपा से दावेदारों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है, वहीं भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललिता साहू, पूर्व पार्षद शिव साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, योमश्वरी साहू, राजू देवांगन, दीनानाथ साहू, गिरीश गभेल सहित दर्जन भर नेता अध्यक्ष पद पर दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस में वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, शत्रुघ्न साहू व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, जिला कांग्रेस महामंत्री ललित विश्वकर्मा के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं।

## लिनेश क्लब बेमेतरा की ओर से अकोला स्कूल के विद्यार्थियों को बांटे गए स्वेटर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा की प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा के प्रयास से नववर्ष के उपलक्ष्य में लिनेस क्लब प्रेरणा एवं भाग्यश्री पोल ने शासकीय प्राथमिक शाला अकोला के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए 25 नग स्वेटर वितरण किया गया।

माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा एवं सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर क्लब के सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ और फूलमाला के साथ हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया। सभी सदस्यों को मिष्ठानन खिलाकर उनका स्वागत किये। अपने क्लब के सभी सदस्यों का परिचय देते हुए प्रेरणा समूह के संस्थापक रश्मि ताम्रकार ने कहा कि बच्चों के हित में कार्य करके हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है। वहीं, क्लब की अध्यक्ष शशि तिवारी ने बहुत से बच्चों से बातचीत कर उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य और यशस्वी जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी बच्चे स्वेटर पाकर और पहन कर बहुत ख़ुश हुए। इस अवसर पर भारती साहू (सचिव), वर्णा गौतम, ललिता साहू, नीलम साहू, रानी रवानी सभी सदस्य उपस्थित रही। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन लाल ठाकुर, जगाधर साहू (उपाध्यक्ष ), टहल साहू (सचिव), प्रेमनारायण साहू, बलदाऊ पटेल, बहल साहू, मुन्नी यादव, पंचराम निषाद रामकुंवर ध्रुव, लता सेन सहित बहुत से पालक गण उपस्थित रहे। सभी ने प्रेरणा ग्रुप को स्वेटर प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए साथ ही नव वर्ष के शुभकामनाओं के साथ बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डीईओ ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक में प्राचार्यों को दिए निर्देश

# कमजोर व उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए लगाएं विशेष मार्गदर्शन कक्षाएं : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिले के हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की आवश्यक बैठक रखी गई।

उक्त बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने एजेंडा वार विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्री बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षा में परिणाम उन्नयन के लिए जिला स्तर पर बनाई गई कार्य योजना पर शत प्रतिशत अमल करने, कमजोर विद्यार्थियों के लिए



उपचारात्मक कक्षाएं एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन कक्षाओं का आयोजन करने निर्देशित किया। इस वर्ष से कक्षा 5वीं एवं 8वीं के लिए होने वाली बोर्ड परीक्षा के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान की। साथ ही परीक्षा पर चर्चा, आपार आई डी, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्था के प्रमाणीकरण हेतु जिले को प्राप्त लक्ष्य को प्राप्त करने संपूर्ण प्रयास करने को कहा। छात्रवृत्ति, जाति निवास प्रमाण पत्र, निजी विद्यालयों की फीस निर्धारण आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी उन्होंने चर्चा की। इस अवसर पर प्रोग्रामर नेहिल वर्मा एवं चंदन देव ने आपार आई डी निर्माण एवं यू डाइस के सम्बंध में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान पर प्रस्तुतिकरण दिया।

सहायक संचालक एस पी कोसले एवं सहायक परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने भी मॉक टेस्ट, प्री बोर्ड परीक्षा, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, अविष्कार अभियान आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक मे प्राचार्यों ने अपनी विभिन्न विद्यालयीन समस्याओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डी.एम.सी. नरेंद्र वर्मा सहित, प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित थे।

## तहसील पटवारी संघ के पुनः अध्यक्ष चुने गए दिनेश...



**नवागढ़।** राजस्व पटवारी संघ नवागढ़ तहसील के अध्यक्ष का निर्वाचन नवागढ़ में मंगलवार को हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से पटवारी संघ नवागढ़ तहसील अध्यक्ष पद के लिए दिनेश सिंह ठाकुर समस्त पटवारियों के समक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश सिंह ठाकुर ने पुन: निर्वाचन पर सभी उपस्थित साथियों को धन्यवाद दिया एवं मिलजुलकर संघ के हित के लिए कार्य करने की बात कही।

# कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिको काई शीतो रियो कराते इंटरनेशनल ने रविवार जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा और छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय तिवारी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य एवं जिला कराते संघ बेमेतरा के सचिव सेंसाई अजय वर्मा, दीपांकर मिर्झा , नेहा वर्मा , अनुष्का शर्मा, साहिल बरगट्टे , नीरज दास मानिकपुरी , शंशाक जाटव द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

इस दौरान व्यायाम शिक्षक दिनेश शर्मा , नवोदय विद्यालय से मोनिका रानी , खेल एवं युवा कल्याण विभाग से उपेन्द्र सिंह सेंगर और अब्दुल इमरान खान मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक एवं परीक्षक छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रम्हय्या नायडू द्वारा लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक सेंसाई देवराज धनकर , शिको काई कराते बिलासपुर के मुख्य प्रशिक्षक रेन्शी हरिशंकर साहू , जिला कराते डू एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त सचिव और मुख्य कोच राजेश सारथी और रायपुर कराते एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के रुप में सेंसाई अब्दुल रहीम खान उपस्थित थे ।इस ग्रेडिंग परीक्षा में पर्यवेक्षक द्वारा कलर बेल्ट येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन, ब्लैक आदि हेतु परीक्षा की शुरुआत वार्म अप से करते हुए कराते के विभिन्न तकनीकों के बारे में जुकी, ऊची, गिरी, डाची, किहोन, काता, कुमिते, आदि कराते से जुड़े विभिन्न अटैक एवं डिफेंसिव मूव्स के तकनीकी बारीकियों सहित परीक्षार्थी खिलाड़ियों के स्टेमिना, स्पीड, स्ट्रेंथ, पावर , फ्लेक्सिबिलिटी , कोऑर्डिनेशन , एजिलिटी , सहनशीलता और धैर्य आदि को भलीभांति परखा गया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर, रायपुर और बेमेतरा जिले के 35 खिलाड़ियों समेत लगभग 135 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



### बेमेतरा जिले के 35 खिलाड़ी हुए शामिल

बेमेतरा के 35 खिलाड़ियों में से येलो बेल्ट के लिए नवोदय विद्यालय कुसमी से कनिका साहू , अदिति साहू ,गार्गी चतुर्वेदी, डिंपल ठाकुर, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से टिकेश्वरी घृतलहरे , प्रिया घृतलहरे , धवनी निषाद , खुशी जांगड़े , दिव्या टंडन , सैलाब घृतलहरे, सृष्टि डेहरे , प्रभा कंठले , कुसमी हायर सेकेंडरी स्कूल से अन्नू गायकवाड़ , ममता निषाद , ज्ञानोदय स्कूल से ईशान साहू , रोशनी साहू और कॉलेज से कमलेश्वरी साहू , पंचवटी साहू, अक्षय सेन , दिव्या डेहरे ऑरेंज बेल्ट के लिए बेसिक स्कूल से होमेश साहू , कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से डुमेशवरी गेंद्रे , हिना मधुकर , नेहा घृतलहरे, नव्या मार्कण्डेय, रश्मि कुर्रे ग्रीन बेल्ट के लिए आरूषि शर्मा , प्रिया यद्ु और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से अंशु कोशले , नंदनी घृतलहरे , राधिका रात्रे , कविता वैष्णव ब्लू बेल्ट के लिए यशवर्धन सिंह सेंगर ,ब्राउन बेल्ट के लिए आरती साहू, ब्लैक बेल्ट के लिए चिराग वर्मा ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में वेदराम साहू की तरफ से उनके पिता स्व. गंगाराम साहू की स्मृति में सभी पर्यवेक्षकों , प्रशिक्षकों और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### विभिन्न अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मुख्यमंत्री साय के प्रस्तावित जिला प्रवास को लेकर कलेक्टर शर्मा ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री के आगमन को सफल बनाने के लिए पूरे प्रशासनिक तंत्र को अलर्ट किया। कलेक्टर ने कार्यक्रम की सभी तैयारियों को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम, कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं, यातायात को सुचारु रखने और भीड़ को नियंत्रित करने कि योजना बनाने के साथ ही विभिन्न विभागों के बीच सही समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर (संविदा) अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग,



सर्व एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने नगर पालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचनों के दौरान शासकीय विभागों एवं कर्मियों से अपेक्षित कर्तव्य की जानकारी दी। नगर पालिकाओं एवं पंचायत निर्वाचन 2024-25 की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन करने की बात करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं (नगर पंचायत, नगर पलिका परिषद और नगर पालिक निगम) एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता संबंधित क्षेत्रों में लागू कर हो जाएगी। कलेक्टर शर्मा ने पूर्व की भांति इस साल भी गरिमामय गणतंत्र दिवस की तैयारी करने कहा। इसके साथ ही धान उठाव और परिवहन में तेजी लाने कहा। उन्होंने किसानों से समय पर धान की खरीदी हो और उचित व्यवस्था के साथ उसका उठाव करने को कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से आयुष्मान वय वंदना कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही शिक्षा अधिकारी से गणतंत्र दिवस की तैयारी एवं उल्लास कार्यक्रम की प्रगति, स्कूली बच्चों के जाति-प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने समय सीमा के प्रकरणों को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। **बेरला में वीर नारायण सिंह अन्न योजना शुरू करने के निर्देश :** कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय के प्रगति की समीक्षा करते हुये अभी तक हुए कार्यों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन निर्माण के लिए चिन्हाकित जमीन, कक्षाओं की स्थिति, खेल के मैदान, लैब और लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं के विकास का विवरण मांगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बेरला में वीर नारायण सिंह अन्न योजना शुरू करने के निर्देश दिए।

## भाजपा नेताओं ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, मुख्यमंत्री साय करेंगे लोकार्पण

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के विधिवत लोकार्पण व शासकीय कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन के लिए चयनित स्थल मां बंजारी मंदिर जूंगेरा मिनी स्टेडियम का मुआयना करने भाजपा जिला के पदाधिकारी पहुंचे। 08 जनवरी को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन बालोद जिले में होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सन 2022 में प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन किया था और उनका आगमन इसी भाजपा जिला के विधिवत लोकार्पण व शासकीय कार्यों के भूमि पूजन के लिए हो रहा है। इसे लेकर सभी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है कि हमारे प्रदेश के मुखिया का आगमन बालोद जिला मुख्यालय में होने जा रहा है।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025

गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport